सर्राफा

चांदी	1,02,000 ↓	700
शुद्ध सोना	93,300 →	स्थिर
जेवराती सोना	87,000 →	स्थिर
18 कैरेट गोल्ड	75,100 →	स्थिर
14 कैरेट गोल्ड	61,700 →	स्थिर

चांदी 700 रुपए सस्ती और सोना यथावत

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। वायदा बाजार में नरमी के असर से जयपुर सर्राफा बाजार में चांदी 700 रुपए कम होकर 102000 रुपए प्रति किलो रही। बाजार सूत्रों के अनुसार शुद्ध सोना और जेवराती सोना पूर्व स्तर पर टिके रहे। हाजिर बाजार में खरीदारी की रफ्तार सामान्य रही।

टैरिफ अनिश्चितताओं के बावजूद शेयर बाजार ने लगाई लंबी छलांग

एजेंसी/नवज्योति,मुंबई। अमेरिकी टैरिफ की अनिश्चितताओं के बावजूद स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले दिवस के कोहराम से उबरकर बुधवार को शेयर बाजार ने लंबी छलांग लगाई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 592.93 अंक अर्थात 0.78 प्रतिशत उछलकर 76,617.44 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 166.65 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 23332.35 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.38 प्रतिशत मजबूत होकर 41,667.65 अंक और स्मॉलकैप 0.99 प्रतिशत चढ़कर 47,136.15 अंक हो गया।

131 में बदलाव नहीं

इस दौरान बीएसई में कुल 4085 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2863 में तेजी जबकि 1091 में गिरावट रही वहीं 131 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2977 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2148 में लिवाली जबकि 757 में बिकवाली हुई वहीं 72 के भाव स्थिर रहे।

टैरिफ की स्पष्टता का इंतजार करें

निवेशकों को सलाह है कि वे टैरिफ और बाजार के रुझान के बारे में स्पष्टता का इंतजार करें। यदि टैरिफ की घोषणाएं उम्मीद से भी अधिक कोर होती हैं तो बाजार में एक और बड़ी बिकवाली देखी जा सकती है। हालांकि, ऐसी स्थिति में भी घरेलू खपत से जुड़े सेक्टर मजबूत बने रहेंगे और उनमें स्थिरता दिख सकती है।

21 समूहों में तेजी का रुख

बीएसई के सभी 21 समूहों में तेजी का रुख रहा। रियल्टी 3.62, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.62, कमोडिटीज 0.78, सीडी 1.70, ऊर्जा 0.17, एफएमसीजी 1.12, वित्तीय सेवाएं 0.96, हेल्थकेयर 0.70, इंडस्ट्रियल्स 0.36, आईटी 0.93, दूरसंचार 1.22, यूटिलिटीज 0.33, ऑटो 0.82, बैंकिंग 0.85, कैपिटल गुड्स 0.15, धातु 0.42, तेल एवं गैस 0.28, पावर 0.55, टेक 1.18, सर्विसेज 1.10 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.92 प्रतिशत उछल गए।

चीन के शंघाई कंपोजिट में बढ़त

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.85, जर्मनी का डैक्स 1.18 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.02 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि जापान का निक्केई 0.28 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.05 प्रतिशत की बढ़त रही।

एफआईआई की बिक्री 10 हजार 255 करोड़ रुपए

वहीं, अब स्थिति बदलती नजर आ रही है। पिछले दो दिनों में एफआईआई ने नकद बाजार में 10 हजार 255 करोड़ रु. की बिक्री की, जिससे शॉर्टिंग फिर से शुरू हो गई। इसका प्रभाव कल निफ्टी में 353 अंकों की तेज गिरावट के रूप में देखा गया।

शार्ट कवरिंग से प्रदर्शन बेहतर

विश्लेषकों के अनुसार, पारस्परिक टैरिफ को लेकर अनिश्चितता आज की टैरिफ घोषणा के साथ कुछ हद तक कम हो सकती है। मार्च के अंतिम कुछ कारोबारी दिनों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के खरीददार बनने का कारण साल के अंत की तैयारियां थीं। एफआईआई की खरीददारी से होने वाली शॉर्ट-कवरिंग ने मार्च में भारत के प्रदर्शन को बेहतर बनाया।

केवाईसी प्रक्रिया को आसान बनाएंगे

एजेंसी/नवज्योति,नई दिल्ली। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने बुधवार को यहां केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड और केवाईसी से संबंधित मुद्दों के पुनरुद्धार पर चर्चा की जिसमें हितधारकों से कई सुझाव प्राप्त हुए, जिन पर केवाईसी प्रक्रिया को और आसान बनाने के लिए विचार किया जाएगा।

वित्त मंत्रालय ने यहां जारी बयान में कहा कि बैठक में केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री (सीकेवाईसीआर) के पुनरुद्धार और अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) अनुपालन से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसका उद्देश्य वित्तीय सेवाओं का लाभ उठाते समय नागरिकों के जीवन को आरामदायक बनाना है।बैठक में संबंधित मंत्रालयों/विभागों, वित्तीय क्षेत्र के नियामकों, वित्तीय संस्थानों और अन्य हितधारकों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। नागराजू ने केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री (सीकेवाईसीआर) के आधुनिकीकरण और केवाईसी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। व्यक्तियों और विनियमित संस्थाओं से संबंधित प्रमुख मुद्दे और चुनौतियाँ, सरकार और वित्तीय क्षेत्र के विनियामकों द्वारा अब तक उठाए गए कदम और वित्तीय क्षेत्रों में केवाईसी प्रक्रिया से संबंधित दक्षता को और बढ़ाने, अतिरेक को कम करने और सुरक्षा में सुधार के लिए प्रस्तावित उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।

आईएनए सोलर को सौर ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए मिला विशेष सम्मान

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। इन्सोलेशन एनर्जी लिमिटेड (आईएनए सोलर) को राजस्थान सरकार की ओर से राइजिंग राजस्थान इम्पैक्ट 1.0 कार्यक्रम के दौरान निवेश प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने दिया। इस कार्यक्रम में चीफ सेक्रेटरी सुधांश पंत, प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, प्रिंसिपल सेक्रेटरी इंडस्ट्रीज एन्ड कॉमर्स अजीताभ शर्मा, ब्यूरो ऑफइन्वेस्टमेंट प्रमोशन कमिश्नर शिवांगी स्वर्णकार, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक संजय अग्रवाल एवं जे के सीमेंट माधवकृष्ण सिंघानिया उपस्थिति रहे।

दस हजार करोड़ का एमओयू: राजस्थान सरकार द्वारा हाल ही में हुए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत आईएनए सोलर ने 10000 करोड़ का एमओयू पर हस्ताक्षर किए जो कि विकसित भारत, विकसित राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है।

योजनाओं का विस्तार जारी

आईएनए सोलर के चेयरमैन मनीष गुप्ता और मैनेजिंग डायरेक्टर विकास जैन ने इस सम्मान के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि हमें गर्व है कि हम राजस्थान में अपने प्रोद्योकिक योजनाओं के विस्तार को जारी रखते हुए जयपुर में अपनी तीसरी 4000 एमडब्ल्यू क्षमता की सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग स्थापित कर रहे हैं।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को सीपीएओ की पेंशन के लिए अधिकृत किया

एजेंसी/नवज्योति,मुंबई। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को भारत सरकार के सेंट्रल पेंशन अकाउंटिंग ऑफिस (सीपीएओ) द्वारा अपनी ओर से पेंशन वितरित करने के लिए अधिकृत किया गया है। अब बैंक केंद्रीय सरकार के पेंशनभोगियों को पेंशन दे सकेगा, जिसमें अखिल भारतीय सेवा अधिकारी, पूर्व सांसद, सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशए पूर्व राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति और सिविल मंत्रालयों व विभागों (रेलवे, डाक, टेलीकॉम और रक्षा को छोड़कर) के अधिकारी शामिल हैं। पेंशनभोगी अब अपनी पेंशन सीधे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के सेविंग अकाउंट में प्राप्त कर सकेंगे। सीपीएओ (भारत सरकार) और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के बीच तकनीकी रूप से एकीकरण पूरा हो चुका है और अब बैंक पेंशन वितरण के लिए पूरी तरह तैयार है। पेंशनभोगी अपने जीवनसाथी के साथ संयुक्त रूप से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में सेविंग अकाउंट भी खोल सकते हैं, जिससे मुख्य पेंशनभोगी के निधन के बाद जीवनसाथी को उसी खाते में पारिवारिक पेंशन मिलती रहेगी।

कैलिफोर्निया बादाम के साथ मनाए वर्ल्ड हेल्थ डे

एजेंसी/नवज्योति,नई दिल्ली। हर साल 7 अप्रैल को मनाया जाने वाला वर्ल्ड हेल्थ डे यह याद दिलाता है कि अच्छी सेहत का मतलब सिर्फ लंबा जीवन नहीं, बल्कि स्वस्थ और बेहतर जीवन जीना है। इसके लिए सबसे जरूरी पहलुओं में से एक है पोषण, क्योंकि संतुलित आहार हमारी समग्र सेहत की बुनियाद है। पोषण पाने का एक आसान लेकिन असरदार तरीका है अपने रोज़मर्रा के आहार में कैलिफोर्निया बादाम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करना।

भारत में सबसे लोकप्रिय कैलिफोर्निया बादाम, प्रोटीन, फाइबर, हेल्दी फैट्स, मैग्नीशियम, जिंक और विटामिन ई सहित 15 जरूरी पोषक तत्वों का प्राकृतिक स्रोत हैं, जो सेहतमंद जीवनशैली का समझदारी भरा हिस्सा बन सकते हैं।

मलाबार ग्रुप ने उत्तर क्षेत्र के 7 राज्यों की 2,190 छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की

समूह ने एक करोड़ 81 लाख रुपए से अधिक की स्कॉलरशिप वितरित की, केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में लिया हिस्सा

एजेंसी/नवज्योति,नई दिल्ली। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की पैरेंट कंपनी मलाबार ग्रुप ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम में 2,190 योग्य छात्राओं को छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) प्रदान कर शिक्षा के माध्यम से युवतियों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई लाभार्थियों में सात राज्यों बिहार, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 73 स्कूलों की छात्राएं शामिल हैं। इससे देश के उत्तरी क्षेत्रों में शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा दिए जाने की कंपनी की प्रतिबद्धता का पता चलता है। इस कार्यक्रम में इन छात्राओं को कुल एक करोड़ 81 लाख 41 हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इससे ये छात्राएं बिना किसी आर्थिक दिक्कत के पढ़ाई-लिखाई से जुड़े अपने सपनों को पूरा कर पाएंगी। छात्रवृत्ति वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री (कॉर्पोरेट मामलोंय और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग) हर्ष मल्होत्रा ने मुख्य अतिथिके रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति ने सशक्तिकरण और सामाजिक प्रगति के लिए शिक्षा को एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में उपयोग करने में सामूहिक प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा कि मलाबार समूह में हमारा मानना है कि शिक्षा प्रगति की बुनियाद है और शिक्षा के जरिए युवा छात्राओं को सशक्त बनाकर उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता हैण् ये छात्रवृत्ति वित्तीय सहायता से बढ़कर है, ये योग्य छात्राओं की आकांक्षाओं और क्षमताओं में निवेश है।

रिलायंस ने ईस्पोर्ट्स कारोबार के लिए ब्लास्ट के साथ की साझेदारी

एजेंसी/नवज्योति,मुंबई। पेट्रोलियम समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (रिलायंस) की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई राइज वर्ल्डवाइड लिमिटेड (राइज) और ब्लास्ट एपीएस की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ब्लास्ट ईस्पोर्ट्स लिमिटेड ने एक समझौते की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को बताया कि इस समझौते के तहत दोनों कंपनियां भारत में ईस्पोर्ट्स कारोबार संचालित करने के लिए एक संयुक्त उद्यम बनाएंगी। ब्लास्ट यूरोप स्थित ईस्पोर्ट्स मनोरंजन कंपनी है और दुनिया के सबसे बड़े टूर्नामेंट आयोजकों में से एक मानी जाती है। यह रणनीतिक साझेदारी ब्लास्ट की वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध ईस्पोर्ट्स संपत्तियों और उत्पादन तकनीकों को भारत में लाकर यहां की तेजी से बढ़ती गेमिंग इंडस्ट्री को विकसित करने में मदद करेगी। इसके साथ ही, यह दोनों कंपनियां मिलकर नए टूर्नामेंट आईपी (इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी) का निर्माण करेंगी, जो भारतीय गेमिंग बाजार की आवश्यकताओं के अनुसार होगा। ब्लास्ट के सीईओ रॉबी डीएक ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे रोमांचक और तेजी से बढ़ते गेमिंग बाजारों में से एक है। जहां तेजी से बढ़ती ईस्पोर्ट्स ऑडियंस और प्रतिस्पर्धी गेमिंग अनुभवों की मांग है। रिलायंस के साथ साझेदारी कर-के हमारे पास स्थानीय ईस्पोर्ट्स को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का एक अनूठा अवसर है।

राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड
(राजस्थान सरकार का उपक्रम) कॉरपोरेट कार्यालय, 04, नीति मार्ग, उदयपुर- 313001(राज.)
फोन नम्बर: (0294)2428768/2428763-67, फैक्स: (0294)2428768,2428739
दिनांक :- 01/04/2025
ई-निविदा सूचना

ई-निविदा संख्या एवं दिनांक	कार्य का विवरण
ई-निविदा संख्या 19/2024-25 UBN No. MML2425GSRC00239	दर अनुबंध के आधार पर ओरिजिनल कैनन कार्ट्रिज की आपूर्ति हेतु। अनुमानित मात्रा - निविदानुसार, धरोहर राशि (रु. में) 19,000/-, निविदा प्रपत्र मूल्य (रु. में) 1180/-

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com / www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा उप महाप्रबंधक (एमएम) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।
राज.संवाद/सी/25/121 उप महाप्रबन्धक (प्रशासन)
DNJ-349157

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, P.H.E.D. DN. BAITU, BALOTRA
eenorth@gmail.com
NO. EE/PHED/Baitu/BAM/2024-25/ 2092 Date- 31.03-2025
NIT NO. 2024-25/07
NIB CODE PHE2425A5689
online tenders are invited on behalf of the Governor of Rajasthan for the following works from contractors enlisted "AA" "A" and "B" Class Contractors with the PHED Rajasthan and meeting eligibility Criteria, Contractors enlisted with other Departments of Government of Rajasthan and enlisted with CPWD/Postal, Telecom, Railway, MES, other State Govt./Central Govt. undertaking/organizations equivalent in Rajasthan meeting eligibility criteria may apply after giving prescribed Earnest Money. The tender documents can be downloaded from the web site http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.rajasthan.gov.in Details of this tender notification can also be seen in NIT exhibited on web site www.dipronline. Org. & sppp.rajasthan.gov.in.

Item NO	Unique Bid Number	Name of Work	E.Cost(Rs in lacs)	Earnest Money	Tender Fee+ Processing Fee (1500+ 1500)	Time Period
05.1	PHE2425 WSRC12529	Annual RC For Providing laying and Jointing For HDPE Pipe line under Div Baitu	90.00	180000.00	1000.00	12 Month

Note:- Tender fee and EMD deposited in DDO ID 10222 Through E Grass Chalan. Various critical dates of the tenders are as below:-
Last date & time of Nit copy download- 09.04.2025 upto 09:30 AM
Date & time of Physical Submission - 09.04.2025 upto 01.00 pm
Date & time of Technical bid- 09.04.2025 upto 03.00 pm
(Ashok Kumar meena) EXECUTIVE ENGINEER, P.H.E.D. DN. BAITU, BALOTRA
DIPR/C/4640/2025/A/E
DNJ- 349173

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, P.H.E.D. DN. BAITU, BALOTRA
eenorth@gmail.com
NO. EE/PHED/Baitu/BAM/2024-25/ 2121 Date- 31.03-2025
NIT NO. 2024-25/08 (ITEM 01 TO 05)
NIB CODE PHE2425A5690
online tenders are invited on behalf of the Governor of Rajasthan for the following works from contractors enlisted "AA" "A" "B" C" and "D" Class Contractors with the PHED Rajasthan and meeting eligibility Criteria, Contractors enlisted with other Departments of Government of Rajasthan and enlisted with CPWD/Postal, Telecom, Railway, MES, other State Govt./ Central Govt. undertaking/organizations equivalent in Rajasthan meeting eligibility criteria may apply after giving prescribed Earnest Money. The tender documents can be downloaded from the web site http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.rajasthan.gov.in Details of this tender notification can also be seen in NIT exhibited on web site www.dipronline. Org. & sppp.rajasthan.gov.in.

Item NO	Unique Bid Number	Name of Work	E.Cost(Rs in lacs)	Earnest Money	Tender Fee+ Processing Fee (1000+ 1000)	Time Period
08.1	PHE2425 WSOB12530	Commissiong of MonoBlock Pump Sets Under Div Baitu	30.57	61140.00	1000.00	4 Month
08.2	PHE2425 WSRC12531	Annual RC For Commissiong of Sources under Sub Div Gida	50.00	100000.00	1000.00	12 Month
08.3	PHE2425 WSRC12532	Annual RC For Commissiong of Sources under Sub Div Baitu	50.00	100000.00	1000.00	12 Month
08.4	PHE2425 WSRC12533	Annual RC For Providing laying and Jointing HDPE Pipe line under Div Baitu	30.00	60000.00	1000.00	12 Month
08.5	PHE2425 WSRC12534	Annual RC For Providing laying and Jointing DI and HDPE Pipe line under Div Baitu	40.00	80000.00	1000.00	12 Month

Note:- Tender fee and EMD deposited in DDO ID 10222 Through E Grass Chalan Various critical dates of the tenders are as below:-
Last date & time of Nit copy download- 16.04.2025 upto 12:30 PM
Date & time of Physical Submission - 16.04.2025 upto 01.00 pm
Date & time of Technical bid- 16.04.2025 upto 03.00 pm
(Ashok Kumar meena) Executive Engineer, P.H.E.D. Dn. Baitu, Balotra
DIPR/C/4641/2025/A/E
DNJ- 349172

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, R.S.A.M.B., CIRCLE BIKANER
Rajkaj Ref No. : 14530487 Date :- 01/04/2025
NOTICE INVITING BID- 01/2025-26
Bids for various yard works (Covering of Sheds/ Building Works/ Repair of Steel grill and sheds) under KUMS Hanumangarh Town, are invited from eligible interested bidders upto dated 28.04.2025, 06.00 PM. Other particulars of the bids may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) and RSAMB website http://agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb for detailed NIB.
UBN: AGM2526WLOB00001
Raj.Samwad/C/25/137 SUPERINTENDING ENGINEER
DNJ-349158

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर
क्र. सं. संक्षिप्त वि.सं. 01 एवं 02 / Exam/AEI/Jr. Chemist/ RPSC / EP-I/2025-26 दिनांक: 02.04.2025
आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के लिए 02 विज्ञापनों के तहत् ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। उक्त विज्ञापनों के तहत् विज्ञापित पदों की शैक्षणिक योग्यता, विभागवार पदों की संख्या, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया, आयु सीमा व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध पृथक-पृथक विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। इन विज्ञापनों के तहत् विज्ञापित पदों हेतु विभाग का नाम, पद नाम, विज्ञापन संख्या, पदों की संख्या, आवेदन अवधि व अन्य विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.सं.	विभाग का नाम	पद का नाम	विज्ञापन संख्या	पदों की संख्या	आवेदन अवधि
1	ऊर्जा विभाग	सहायक विद्युत निरीक्षक	01/2025-26	09	15.04.2025 से 14.05.2025
2	जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग	कनिष्ठ रसायनज्ञ	02/2025-26	13	09.04.2025 से 08.05.2025

अन्य बिन्दु व सूचना :- एकबारीय पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, प्रमाण पत्रों से संबंधित सूचना एवं परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम एवं संशोधित परीक्षार्थियों हेतु आवेदन व परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश तथा सम्बन्धित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें। इसके अतिरिक्त उक्त परीक्षाओं के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन/ सूचना/ स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष स. - 0145-2635212 एवं 2635200 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोधित किया जाए।
(रामनिवास मेहता) सचिव
DIPR/C/------/25/A/E
DNJ- 349202

कार्यालय ग्राम पंचायत-भगवानपुरा
पंचायत समिति निम्बाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़
क्रमांकः ग्राम पंचायत भगवानपुरा / निविदा/2024-25/07
दिनांक : 28/3/25
निविदा सूचना
ग्राम पंचायत भगवानपुरा में विभिन्न निर्माण कार्यों का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम, 1996 के नियम 181 के अन्तर्गत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के. अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरवन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रः 07.04.2025 तक विक्रय किये जाकर दिनांक 08.04.2025 को दोपहर 01:00 बजे तक कार्यालय में जमा कराये जा सकेंगे। प्राप्त निविदाएं दिनांक 08.04.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत समिति स्तरीय उपापन समिति के समक्ष एवं उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोली जावेगी।
NIB-2CH2526A0008
UBN-ZCH 2526050800008,09
प्रशासक ग्राम पंचायत भगवानपुरा — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत भगवानपुरा
DNU 349215

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
कार्यालयः उप मुख्य अभियंता (उत्पादन), बांसवाड़ा, फोनः 02962-251252
निविदा आमंत्रण सूचना
निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाएं आमन्त्रित की जाती है:- 24(RVU2425GLOB02303) बैटरी चार्जर की आपूर्ति एवं 1/18(RVU2425WSOB02300) भवनों के जॉइनरी कार्य के दैनिक रखरखाव हेतु। निविदा विवरण वेबसाइट www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
राज.संवाद/सी/25/118 RVUN/PR-4170 उप मुख्य अभियंता (उत्पादन)
DNJ-349156

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड
बोली आमंत्रण सूचना
1) आरवीपीएन के एमएम बिल्डिंग, पुराने पावर हाउस परिसर, राम मंदिर के पास, बनीपार्क, जयपुर-302 006 में एक वर्ष के लिए एमएम बिल्डिंग और परिसर की सफाई और रख-रखाव, लॉन और पौधों की देखभाल के लिए अनुबंध पर वार्षिक रखरखाव कार्य के लिए बोली (बीएन-9018002501 और यूबीएन: VPN2526WSOB00001) के लिए इच्छुक बोलीदाताओं से बोली 15.04.2025 को शाम 04:00 बजे तक आमंत्रित हैं।
बिड के अन्य विवरण खरीद पोर्टल पर देखे जा सकते है। http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, www.energy.rajasthan.gov.in/rvpnl. अधीक्षण अभियन्ता (कॉन्ट्रैक्ट्स-I), जयपुर
राज.संवाद/सी/25/102 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-6750/2025
DNJ-349155

नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(सांगानेर स्टेडियम वाली रोड, गर्ल्स स्कूल के पास, सांगानेर जयपुर)
E-mail :- eesanganerzone01@gmail.com
क्रमांक :- जसअ/2025/354 दिनांक: 01.04.2025
निविदा सूचना संख्या 54-56/2024-25
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत संवेदकों एवं नगर निगम ग्रेटर जयपुर के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि. अभि. (सांगानेर जोन) से संबंधित विकास कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in & www.jaipurmc.org पर देखी जा सकती है। स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल का Unique Bid Number JMC2425WSOB01609 से JMC2425WSOB01611 है।
अधिशाषी अभियंता सांगानेर जोन, नगर निगम जयपुर ग्रेटर
राज.संवाद/सी/25/132
DNJ-349160

भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर
क्रमांक :- लेखा/II/2024-25/3034 - 52 दिनांक :- 26/03/2025
ऑनलाईन निविदा सूचना सं0 34/2024-25
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भरतपुर विकास प्राधिकरण, में उपयुक्त श्रेणी एवं विभिन्न विभागों में एए श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से कुल 03 कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
उक्त कार्यो का विस्तृत विवरण, निविदा शर्ते, अनुमानित लागत राशि, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in/ www.urban.rajasthan.gov.in/uitbharatpur एवं http://sppp.raj.nic.in portal पर देखा जा सकता है।
निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in portal का अवलोकन करें।
UBN विवरण :- WAQ2526WSRC00005, WAQ2526WSOB00007, WAQ2526WSOB00008
अधिशाषी अभियंता - प्रथम, भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर
राज.संवाद/सी/25/124
DNJ-349159

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान
राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल-कोटा
email :nnksouth@gmail.com, websites : www.urban,rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142
क्रमांक :- ननिको/दक्षिण/निर्माण/2025/749-763 दिनांक :-01.04.2025
ई-निविदा सूचना संख्या : 35/2024-25
नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों "A" एवं "AA" श्रेणी एवं नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निम्नांकित कार्य हेतु कुल राशि 200.00 लाख रूपये कीऑनलाईन निविदायें दिनांक 04.04.2025 से दिनांक 16.04.2025 तक आमन्त्रित की जाती हैं। टेन्डर बेचे जाने, प्राप्त करने की तिथि व निविदा की शर्ते इत्यादि नगर निगम की वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/nnks http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत (लाखों में)
1	नगर निगम कोटा दक्षिण के वार्ड नं. 79 में विभिन्न प्रकृति के सिविल निर्माण/ मरम्मत कार्य एवं विभिन्न स्थानो पर अन्य विकास कार्य।	100.00
2	नगर निगम कोटा दक्षिण के वार्ड नं. 28 में विभिन्न प्रकृति के सिविल निर्माण/ मरम्मत कार्य एवं विभिन्न स्थानो पर अन्य विकास कार्य।	100.00

NIB Code No.DLB2526A0009
UBN No.DLB2526WSOB00016 UBN No. DLB2526WSOB00017
अधीक्षण अभियन्ता नगर निगम कोटा दक्षिण
राज.संवाद/सी/25/133
DNJ-349153

ADITYA BIRLA CAPITAL PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING
आदित्य बिरला फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : इंडियन रेयन कम्पाउण्ड, वैरावल, गुजरात-362266
कॉरपोरेट कार्यालय : 12वां माला, आर टेक पार्क, निलॉन कॉम्पलेक्स, हब मॉल के पास, गोरेगांव (ईस्ट), मुम्बई-400063, एमएच
ई-नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9(1) में प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन सपठित परन्तुक सहित अचल आस्तियों की 15 दिवसीय नीलामी बिक्री सूचना
जबकि आदित्य बिरला फाइनेंस लिमिटेड / निरापद लेनदार का प्राधिकृत अधिकारी ने निम्नलिखित ऋणियों एवं सह ऋणियों से आगामी शुल्कों एवं लागत सहित यहां नीच